प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

विश्व वन्यजीव दिवस

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड–एन.बी.डब्ल्यू.एल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एन.बी.डब्ल्यू. एल में 47 सदस्य हैं और प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं। यह बोर्ड वन्यजीवों और वनों के संरक्षण व विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। बैठक के बाद प्रधानमंत्री सासन में महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत करेंगे।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में दोपहर बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में 10 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा नयी आबकारी नीति, पटवारी कानूनगो भर्ती व पदोन्नति नियम के संबंध में भी कैबिनेट में कोई निर्णय हो सकता है। कैबिनेट में बस किराए में वृद्धि को मंजूरी देने के मामले पर भी चर्चा हो सकती है। इसके अतिरिक्त स्कूलों व कॉलेजों के युक्तिकरण पर भी मंत्रिमंडल द्वारा कोई निर्णय लेने की संभावना है। बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने और विधानसभा के बजट सत्र में लाये जाने वाले संशोधनों को भी मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल सकती है।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि

मंडी में इन दिनों अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की धूम है। महोत्सव में जहां विकास को दर्शाती हुई प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं तो वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश–प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों से आए सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह रहे हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे मंडी संवाददाता।

मौसम

प्रदेश में बीते दिनों ऊंचाई वाले इलाकों में हुए हिमपात और अन्य क्षेत्रों में व्यापक वर्षा के बाद जनजातीय क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। इन क्षेत्रों में अभी भी बिजली, पानी व सड़क यातायात की सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। हालांकि इन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का प्रयास लगातार जारी है। लाहौल के जोबरंग के फाड़ी नाले में हिमस्खलन होने से चिनाव नदी का बहाव रूक गया है जिससे जोबरंग पंचायत के तीन गांवों को जोड़ने वाले चिनाव नदी के ऊपर बने पुल को क्षति पहुंचने का खतरा बढ़ गया है।

इसके अलावा चंबा जिले की पांगी घाटी में भी बर्फबारी के बाद सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। इस बीच आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज से मौसम के एक बार फिर करवट लेने की संभावना जताई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

मांग

चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी में हाल ही में हुई भारी बर्फबारी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। घाटी में करीब 4 फुट हिमपात हुआ है। ऐसे में पांगी घाटी का संपर्क देश–प्रदेश से कटा हुआ है। घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से अजोग, साच, किलाड़ और धरवास के लिए हैलीकॉप्टर उड़ानों की मांग की है ताकि लोगों को घाटी से बाहर जाने की सुविधा मिल सके।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है लाहौल में गिरे 4 हिमखंड, आईटीबीपी कैंप चपेट में आने से बचा, केलांग–पांगी में बोर्ड परीक्षाएं स्थगित।

कर्मचारी अधिनियम नहीं रोकेगा कांट्रेक्ट की पेंशन शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है टीजीटी के क्लेम में शीला देवी केस पर वित्त विभाग का ऑर्डर अपहोल्ड।

पंजाब केसरी की एक खबर है हिमाचल में अब हर महीने मिलेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन।

मंडी की अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है देवी–देवताओं संग बड़े शान से शहर में निकले माधोराय।